राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने पूर्व विधायक श्री दिनकर राम के निधन पर गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की

पटना, 05 दिसम्बर 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बथनाहा के पूर्व विधायक श्री दिनकर राम जी के निधन पर अपनी गहरी शोक–संवेदना व्यक्त की है।

राज्यपाल ने अपने शोकोद्‌गार में कहा है कि स्व॰ दिनकर राम एक समर्पित समाजसेवी, प्रखर देशभक्त एवं समाज के अभिवंचित वर्ग के कल्याण के लिए सदैव तत्पर रहनेवाले नेता थे, जिनके निधन से सामाजिक–राजनीतिक जगत् को अपूरणीय क्षति हुई है।

राज्यपाल ने दिवंगत नेता की आत्मा को चिरशांति तथा उनके शोक–संतप्त परिजनों–प्रशंसकों को धैर्य–धारण की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है।

....